तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **हनुमान राम बिश्नोई** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार लूणी)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353756156004553	नं व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
10/10/25	अपीलार्थी हनुमान राम बिश्नोई निवासी गुढ़ाविश्नोईयान, लूणी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 14.08.2025 को वर्ष 1979 में "लूणी नदी में आई बाढ़ से प्रभावित ग्राम– गुडा विश्नोईयान, तहसील लूणी, जोधपुर के प्रभावित व्यक्तियों/घरों/परिवारों की आधिकारिक सूची उपलब्ध कराने से संबंधित सूचनाऐ एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.10.10 16:39:47 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
18272263